देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 24.10.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17वें रोज़गार मेलें में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 51 हज़ार से ज्यादा नियुक्ति पत्र वितरित किए।
- उत्तराखंड को विश्व बैंक से 680 करोड़ रुपये का सहयोग मिलेगा। केंद्र सरकार ने वित्तीय प्रबंधन सुदृढ़ीकरण के लिए अनुशंसा दी।
- निर्वाचन आयोग ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की तैयारियों के निर्देश दिए।
- दून विश्वविद्यालय में आगामी पांच नवम्बर को दूसरा प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

प्रधानमंत्री/नियुक्ति पत्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज 17वें रोज़गार मेले में विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त युवाओं को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 51 हज़ार से अधिक नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने नवनियुक्त युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें केवल सरकारी नियुक्ति नहीं मिली है, बल्कि राष्ट्रसेवा में सक्रिय योगदान देने का अवसर मिला है। श्री मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों से देश, विकसित भारत के निर्माण के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है और इसमें सबसे बड़ी भूमिका हमारे युवाओं की है।

विश्व बैंक

केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने उत्तराखंड में बेहतर सेवा वितरण के लिए सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन को मजबूत करने की महत्वाकांक्षी परियोजना को विश्व बैंक के विचारार्थ अनुशंसित किया है। इस परियोजना के तहत प्रदेश सरकार ने राज्य में सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली को और अधिक सक्षम, पारदर्शी, जवाबदेह बनाने और सेवा प्रदाय व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विश्व बैंक से लगभग 680 करोड़ रुपए की बाह्य सहायता का प्रस्ताव प्रस्तुत किया था। केंद्र वित्त मंत्रालय ने इस प्रस्ताव को विश्व बैंक के भारत कार्यालय, नई दिल्ली के कार्यवाहक कंट्री डायरेक्टर पॉल प्रूसी को औपचारिक रूप से प्रेषित किया है। पत्र में यह स्पष्ट किया गया है कि उत्तराखंड सरकार के इस प्रस्ताव की प्रति संलग्न करते हुए इसे विचार और स्वीकृति के लिए अनुशंसित किया जा रहा है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य राज्य की वित्तीय प्रणाली को तकनीकी रूप से अधिक आधुनिक, कुशल और पारदर्शी बनाना है, ताकि सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ जनता तक तेजी, सटीकता और पारदर्शिता के साथ पहुंच सके। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस अनुशंसा पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उत्तराखंड के वित्तीय सुधार और सुशासन के प्रयासों की बड़ी स्वीकृति है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से राज्य में राजकोषीय अनुशासन, वित्तीय डेटा पारदर्शिता और सेवा प्रदाय तंत्र की गुणवत्ता में अभूतपूर्व सुधार आएगा। प्रदेश के

वित्त विभाग के अनुसार, यह परियोजना राज्य की ई–गवर्नेंस और डिजिटल पब्लिक फाइनेंस मैनेजमेंट को नई दिशा देगी।

## जीएसटी बचत उत्सव

वस्तु और सेवा कर बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 सितंबर को इसकी घोषणा की थी। जीएसटी सुधारों से कृषि क्षेत्र और किसानों को हो रहे लाभों पर पेश है एक रिपोर्ट –

## निर्वाचन अयोग

निर्वाचन आयोग ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण की तैयारियां करने के निर्देश दिए हैं। कल नई दिल्ली में मुख्य निर्वाचन अधिकारियों का दो दिन का सम्मेलन संपन्न हुआ। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में हुए सम्मेलन में निर्वाचन आयुक्त सुखबीर सिंह संधु और डॉ. विवेक जोशी भी शामिल थे। विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के बारे में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा विवरण प्रस्तुत किए जाने के बाद मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के प्रश्नों पर भी स्पष्टीकरण दिया गया। देशभर के राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों ने सम्मेलन में भाग लिया।

## प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन

राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष में आगामी पांच नवम्बर को दून विश्वविद्यालय में दूसरा प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस एक दिवसीय सम्मेलन में उत्तराखंड की 25 वर्षों की यात्रा पर प्रवासी उत्तराखंडी अपने नजरिये को सामने रखेंगे। साथ ही, यह सुझाव भी देंगे कि उत्तराखंड को भविष्य में और बेहतर बनाने के लिए क्या किया जा सकता है। इस सम्मेलन के लिए पंजीकरण प्रक्रिया जारी है, जो आज देर रात्रि तक चलेगी। अभी तक विभिन्न राज्यों के 200 प्रवासियों ने अपना पंजीकरण करा लिया है। प्रवासी उत्तराखंड प्रकोष्ठ की वेबसाइट www.pravasiuttarakhandi.uk.gov.in पर पंजीकरण कराया जा सकता है। सम्मेलन का उद्घाटन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे। अभी तक इस आयोजन का हिस्सा बनने के लिए उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, झारखंड आदि प्रदेशों से 200 लोगों ने पंजीकरण करा लिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रवासियों को एक मंच पर लाने और उन्हें अपनी मातृभूमि से सक्रियता से जोड़ने तथा राज्य के विकास में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने इस सम्मेलन के लिए प्रवासी उत्तराखंडियों को आमंत्रित करते हुए कहा कि प्रवासी उत्तराखंडियों के सुझाव, उत्तराखंड के विकास का रोड मैप तैयार करने में अहम भूमिका निभाएंगे। प्रवासी प्रकोष्ठ के सदस्य सुधीर नौटियाल ने सम्मेलन के दौरान आयोजित होने वाले सत्रों के बारे में जानकारी दी।

संसद खेल महोत्सव

भाजपा राष्ट्रीय सह–कोषाध्यक्ष व राज्य सभा सांसद डॉ. नरेश बंसल ने मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को देहरादून में आगामी 27 अक्टूबर से 25 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले सांसद खेल महोत्सव के शुभारंभ कार्यक्रम के लिए मुख्य अतिथि के रूप मे आमंत्रित किया। राज्य सभा सांसद ने बताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से देशभर में आयोजित होने वाले सांसद खेल महोत्सव के साथ ही उत्तराखंड में भी 27 अक्टूबर से 25 दिसंबर तक सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ देहरादून से किया जाएगा। इसमें प्रदेशभर में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित कर राज्य की प्रतिभाओं को एक उचित मंच प्रदान किया जाएगा।